आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–23 अप्रैल 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में ईको पार्क और नौसढ़–मलौनी फोरलेन सड़क सहित एक हजार पचपन करोड़ रूपये की लागत वाली चार सौ सत्तानवे विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने राप्ती नदी के किनारे एकला बंधे पर कचरे का निस्तारण कर बनाये गये ईको पार्क के विकास के लिये नगर निगम की सराहना की।

अब जहां कूड़ा था वहां एक आधुनिक ईको पार्क बन गया है और यह केवल एक पार्क नहीं है बल्कि गोरखपुर नगरवासियों के लिये एक टूरिस्ट डेस्टिनेशन भी बन गया है, जहां लोग आकर पिकनिक मना सकते हैं। ये जो परिवर्तन आया है ये केवल परिवर्तन नहीं है ये गोरखपुर की मजबूत विश्वास और यहां की टीम की दृढ़ संकल्प का प्रतीक भी है।

श्री योगी ने कहा कि हमे बच्चों को रिड्यूस, रीयूज एण्ड रीसाइकल के साथ ही वेस्ट टू आर्ट के बारे में जागरूक करना होगा। मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन डोमिनगढ़–माधोपुर बंधा से महेसरा पुल तक फोरलेन सड़क और डोमिनगढ़ में बन रहे रेल उपरगामी पुल–आरओबी का निरीक्षण भी किया।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लगभग दो सौ लोगों की समस्यायें सुनीं। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि रेल पटरियों के आधुनिकीकरण से एक तेज और अधिक भरोसेमंद नेटवर्क बन रहा है। एक अंग्रेजी दैनिक में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा लिखित लेख को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पटरियों के नवीनीकरण, उन्नत परीक्षण और मशीनीकृत रखरखाव से यात्रा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और गति में वृद्धि सुनिश्चित हुई है।

****

केंद्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई दसवीं परीक्षा–दो हजार छब्बीस का दूसरा चरण पन्द्रह मई से आयोजित करेगा। यह परीक्षा वैकल्पिक है और जो विद्यार्थी पहले चरण में प्राप्त अपने अंक सुधारना चाहते हैं वह इसे दे सकते हैं। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थी विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किन्ही तीन विषयों में अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए परीक्षा दे सकते हैं।

****

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद–यूपी बोर्ड का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम आज घोषित कर दिया गया। बोर्ड मुख्यालय में सभापति डॉ महेंद्र देव और सचिव भगवती सिंह ने संयुक्त रूप से परीक्षा परिणामों की घोषणा की। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

इस साल यूपी बोर्ड ने मूल्यांकन के बाद रिकॉर्ड 20 दिनों में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित किया है। घोषित परिणाम के मुताबिक हाईस्कूल में 90.42 फीसदी परीक्षार्थी, जबकि इंटरमीडिएट में 80.38 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। हाईस्कूल में छात्रों के उत्तीर्ण का प्रतिशत 87.30 और छात्राओं के उत्तीर्ण का प्रतिशत 93.76 रहा है। वहीं इंटरमीडिएट में छात्रों के उत्तीर्ण का प्रतिशत 75.04 और छात्राओं के उत्तीर्ण का प्रतिशत 86.32 रहा। हाईस्कूल में 97.83 फीसदी और समान अंकों के साथ कशिश वर्मा व अंशिका वर्मा ने परीक्षा टॉप की है। इंटरमीडिएट में 97.60 फीसदी अंकों के साथ शिखा वर्मा ने टॉप किया है। प्रयागराज से प्रवीण मिश्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

मिर्जापुर जिले के ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र में बड़का घुमान के पास कल देर शाम एक अनियंत्रित ट्रक की तीन अलग–अलग गाड़ियों से हुई टक्कर में मरने वालों की संख्या बढ़कर बारह हो गयी है। हमारे मिर्जापुर प्रतिनिधि ने बताया कि अस्पताल में भर्ती ट्रक चालक की भी आज इलाज के दौरान मौत हो गयी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये और घायलों को 50–50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिये।

****

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संभावित वृद्धि से संबंधित कुछ समाचारों का खंडन किया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सरकार के समक्ष ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी खबरें नागरिकों में भय और दहशत पैदा करने के उद्देश्य से फैलाई गई हैं और ये दुर्भावनापूर्ण तथा भ्रामक हैं।

****